JW.ORG

# शराब—*आपका* फैसला क्या होगा?



1

आप एक पार्टी में हैं और आपको पता चलता है कि कुछ लोग शराब पी रहे हैं जबकि उन्हें शराब नहीं पीनी चाहिए।

**आप क्या करेंगे?**

**थोड़ा रुककर सोचिए!**

बाइबल बताती है, "होशियार इंसान खतरा देखकर छिप जाता है, मगर नादान बढ़ता जाता है और अंजाम भुगतता है।" —नीतिवचन 22:3.

## इस बात को ध्यान में रखकर इन सवालों के जवाब दीजिए:

अगर आप पार्टी में रुकते हैं तो क्या हो सकता है?

______________________________

______________________________

आप वहाँ से कैसे निकल सकते हैं ताकि कोई बखेड़ा खड़ा न हो, न ही आपका मज़ाक उड़ाया जाए?

______________________________

______________________________

______________________________

अगर आपका मज़ाक उड़ाया जाता है, फिर भी यह ***इतनी*** बुरी बात क्यों नहीं है?

______________________________

______________________________



## इसे आज़माइए

पहले से अपने मम्मी-पापा को बताइए कि अगर आप उन्हें फोन या मैसेज करते हैं, तो इसका मतलब है कि वह पार्टी आपको ठीक नहीं लग रही है और वे आकर आपको ले जाएँ।

अगर पार्टी में लोग बहुत ज़्यादा शराब पी रहे हैं तो मैं क्या करूँगा?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________



www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania



# 2

शराब पीने के लिए आप पर दबाव डाला जाता है।

**आप क्या करेंगे?**

## थोड़ा रुककर सोचिए!

बाइबल बताती है, ‘तुम जिसकी आज्ञा मानते हो, उसी के गुलाम बन जाते हो।’ —रोमियों 6:16.

### इस बात को ध्यान में रखकर इन सवालों के जवाब दीजिए:

अगर आप पक्के इरादे के साथ मना नहीं करते तो क्या हो सकता है?

______________________________

______________________________

साथियों के इस दबाव का सामना करने के लिए आपके अंदर आत्म-विश्वास होना क्यों ज़रूरी है?

______________________________

______________________________

______________________________

## इसे आज़माइए

पहले से तैयारी कीजिए कि आप क्या कहेंगे। “मेरा एक ही जवाब होता है, ‘मुझे अभी नहीं पीनी है।’ यह सुनकर लोग मेरा पीछा छोड़ देते हैं और दोबारा मुझे परेशान नहीं करते।”—ब्रीयाना।

जब कोई पीने के लिए ज़बरदस्ती करें तो मैं क्या कहूँगा?

______________________________

______________________________

______________________________



www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

# 3

आप दोस्तों के साथ कहीं बाहर जाते हैं और आपको पता चलता है कि गाड़ी चलानेवाले ने शराब पी रखी है।

## आप क्या करेंगे?



## थोड़ा रुककर सोचिए!

बाइबल बताती है, "बुद्धिमानों के साथ रहनेवाला बुद्धिमान बनेगा, लेकिन मूर्खों के साथ मेल-जोल रखनेवाला बरबाद हो जाएगा।" —नीतिवचन 13:20.

### इस बात को ध्यान में रखकर इन सवालों के जवाब दीजिएः

घर जाने के लिए अगर आप उस व्यक्ति की गाड़ी में बैठेंगे तो क्या हो सकता है?

____________________________________

____________________________________

आपके पास और क्या रास्ता है?

____________________________________

____________________________________

____________________________________

आप जो फैसला करेंगे, उससे गाड़ी चलानेवाले को और दूसरों को कैसे मदद मिलेगी?

____________________________________

____________________________________



## इसे आज़माइए

कभी-भी ऐसे व्यक्ति की गाड़ी में मत बैठिए जो पीकर चलाने के लिए जाना जाता है। पहले से सोचकर रखिए कि अगर ऐसी नौबत आयी तो आप क्या करेंगे, कैसे सफर करेंगे।

अगर गाड़ी चलानेवाले ने शराब पी रखी है तो मैं क्या करूँगा?

____________________________________

____________________________________

____________________________________



www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania